# बाजार में अपने उत्पाद बेचने के 7 सूत्र

अब आपके उत्पाद बिकेंगे घर बैठे

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

**by Manish Sharma**



@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

# भूमिका

मित्रों, मैं मनीष शर्मा गव्यशाला से... जैसा की आप सभी जानते है की गव्यशाला मे विभिन्न प्रकार के पंचगव्य प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जाते है ओर उत्पाद निर्माण करना सीखाया जाता है।

मेरा स्पष्ट मत है की गाय तब तक नही बचेगी जब तक उससे अर्थ पैदा नही होगा... इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मैने पिछली पुस्तक देशी गाय से एक लाख रुपया कमाने के 9 सूत्र का निर्माण किया... जिसे आप इस लिंक पर क्लिक करके डाउनलोड कर सकते है। इस पुस्तक को भारतभूमि पर इतना उत्तम प्रतिसाद मिलेगा यह तो मैने कल्पना भी नही की थी।

परंतु पुस्तक पढने के पश्चात अनेक मित्रों ने कहा मनीष भाई हमने उत्पाद बना तो लिए पर बेचें कहाँ...?? अधिकतर गौसेवक एवं स्वदेशी कार्यकर्ताओं की समस्या यह है की उन्हे बाजार नही मिलता.... उनके उत्पाद नही बिकते। अब वे करें तो करें क्या... ??

इसी विषय को ध्यान में रखते हुए आज मैं आपको वो जानकारी देने जा रहा हूँ जो आज तक मैने अति गोपनीय रखी है एवं जिसके माध्यम से मैं 25000-50000 रुपया प्रति माह घर बैठ कर अर्जित कर लेता हूँ। यह सफलता का वह सूत्र है यदि जिसकी आप यदि हूबहू नकल भी कर लेते है तो राष्ट्ररक्षा की इस लड़ाई को हम दूसरे चरण में ले जा सकते है।

अब आप सोच रहे होंगे... की क्यो कोई ऐसा सूत्र मुझे बताएगा..??

क्यों कोई अपने पेट पर लात मारेगा भला...??

तो आपकी जानकारी के लिए बता दूं की जब मैं भारत से बाहर आईटी आउटसोर्सिंग करता था तो ऐसी अनेक कार्य मैं भारत भूमि के लिए करना चाहता था... पर मुझे यह अवसर मिला 2009 में अमेरिका में आई मंदी के पश्चात.... उसके पश्चात आरंभ की गई यात्रा आज आपके दिए गए प्रेम के कारण मुझे यहाँ तक ले आई है ओर आज जब मुझे राष्ट्र एवम् गौ के



9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः


# भूमिका

लिए कुछ करने का अवसर प्राप्त हुआ है तो मैं इसे हाथ से जाने नही देना चाहता।

दूसरा मैं मानता हूं कि हर व्यक्ति अपने ही भाग्य का खाता है... ईश्वर चमत्कारिक है... उसने चींटी के लिए कण... और हाथी के लिए मण की व्यवस्था पहले ही कर रखी है। मेरा ईश्वर की न्याय व्यवस्था पर पूर्ण भरोसा है।

मेरा यह भी मानना है की शक्ति सदा दैवीय लोगो के पास ही होनी चाहिए... यदि वह राक्षस के हाथ में होगी तो वह उसका दुरुपयोग ही करेगा .... जिसका आज सबसे बड़ा माध्यम है पैसा... यदि आपके हाथ में पैसा होगा तो आप देश के लिए कुछ अच्छा ही करेंगे ऐसा मेरा विश्वास है।

तो अब जानिए वे सूत्र जिन्होने मुझे स्वदेशी के के क्षेत्र में सफलता दिलवाई।




9928087811, 8077024954
GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

# पुस्तक के लेखक

## गव्यर्षि भाई मनीष शर्मा का संक्षिप्त परिचय

जयपुर जनपद के एक ब्राह्मण कुल में भाई मनीष का जन्म हुआ। भाई मनीष एक नवशिक्षित एवम् उच्च शिक्षण प्राप्त किए युवा है। अन्य युवाओं की भांति सन 2010 तक इन्होने भी एक उच्च शिक्षित युवा की भांति जीवन व्यतीत किया। अच्छा-भला आईटी का व्यापार चल रहा था की अचानक आई मंदी में इन्हे कुछ खाली समय मिला।

उस समय मे इनकी भेंट भाई राजीव दीक्षित से हो गई। बस उसी के पश्चात मन मे एक ही बात घर कर गई, धर्म आधारित जीवनयापन। उसी की खोज करते-2 मेरी माँ से होते हुए, गव्यशाला के माध्यम से गौसेवा के साथ मानव सेवा करने की ठानी ओर आज गव्यशाला के माध्यम से अनेक युवाओं को गौसेवा करते हुए जीवनयापन करने का मार्ग दिखा चुके है। आज गुरुकृपा से गव्यशाला में हर माह अनेक युवा पंचगव्य प्रशिक्षण प्राप्त करने आते है।



9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

# विषय सूची

1 बाजार पर कब्जा करने का सूत्र
2 वेबसाइट निर्माण
3 गूगल पेज का निर्माण
4 फेसबुक पेज का निर्माण एव विज्ञापन प्रबंधन
5 विजिटिंग कार्ड की योजना
6 लोगो का ध्यान आकर्षित करें
7 अपनी दुकान पर बैठें
8 गुरुदक्षिणा
9 कुछ रोचक लेख एव जानकारियां
10. महत्वपूर्ण लिंक



9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

# सूत्र नंबर १

बाजार में किसी भी उत्पाद को बेचने के केवल और केवल 2 मार्ग है...

पहला... या तो उसकी पहले से आवश्यकता हो....

दूसरा...उसकी कृत्रिम आवश्यकता पैदा की जाए...

अब इसे भारत का दुर्भाग्य कहें या आपका सौभाग्य... आज भारत के आम परिवार के 10 सदस्यों मे से 8 रोगी है... और उन्हे आपके उत्पादों की अत्यधिक आवश्यकता है...

फिर आपके उत्पाद बिकते क्यो नही...?? समस्या कहां है...???

समस्या है... या तो आपके उत्पाद उन्हे दिखते नही... या आपका दिखाने का तरीका ही गलत है... आओ विचार करें...

बाजार पर कब्जा करने का सबसे बड़ा सूत्र है... किसी भी चीज का बार-१ दिखना... हर जगह दिखना... चाहे-अनचाहे दिखना.... जैसा की आप कोलगेट, मैगी, डीयो का एड़ अनचाहे ही देखते है... स्मरण करें।

बस इसी सूत्र को पकड़ कर हमें आगे बढ़ना है। यहां आपको अपनी बुद्दी का प्रयोग करने की आवश्यकता है...

आपको किसी भी प्रकार से अपना उत्पाद उचित रूप में दिखाना ही होगा।




9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

# सूत्र नंबर २

आज हमारा बाजार सब कुछ छोड़ कर ऑनलाइन आ गया है, जिसे देखो फोन से चिपका है इसलिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है एक वेबसाइट....

वेबसाइट एक प्रकार से आपकी दुकान है.... जो आपको आज नही तो कल खोलनी ही पड़ेगी। इसलिए आप इसे जितना जल्दी खोले उतना ही आपके लिए अच्छा रहेगा...

अब आप सोच रहे होंगे की वेबसाइट बनाना... अथार्त.... बहुत बड़ा खर्चा.... नही...??

पर मै आपको एक ऐसी योजना बताउंगा जिससे आपका यह कार्य बहुत थोड़े से पैसे में हो जाएगा... बोले तो 3000 से भी कम...

आश्चर्य...आश्चर्य...आश्चर्य...

इसके लिए चाहिए आपको एक वेबसाइट का नाम... टेक्निकल भाषा में एक होस्टिंग अथार्त वो स्थान जहां ये दुकान स्थापित होगी... ओर अंत में दुकान में माल... अथार्त वेबसाइट की डिजाइन....

आओ अब जाने मैने ये सब कैसे किया...!

यह पूर्ण प्रक्रिया जानने के लिए आप इस लिंक पर जाएं।




9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1


@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com


# सूत्र नंबर ३

अब आप गूगल के My Business पर जाकर एक पेज का निर्माण कर लें ताकि जब भी आपको कोई गूगल में देखे तो उसे आपका नाम एवं स्थान दिखे, नीचे चित्र देखें...

यह विषय यहां बहुत बड़ा हो जाएगा... अतः सरल भाषा मे यह वीडियो देखें

https://goo.gl/pssaRh




9928087811, 8077024954
GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला गावो विश्वस्य मातरः

# सूत्र नंबर ४


अब सबसे पहले हमें अपने उत्पादों या सेवाओं को अपने आप-पास के लोगो को दिखाना होगा। इसके लिए आप सबसे पहले फेसबुक पर अपना एक पेज बना लें...

फेसबुक पर पेज कैसे बनाएँ वो आप यहां जाकर देख सकते है https://goo.gl/HonHz7

अब आप पेज पर अपने उत्पाद से संबंधित पोस्ट डालना आरंभ करें। जैसे गव्यशाला के पेज पर मैं डालता हूं नीचे देखें...

मेरा यह विज्ञापन वेबसाइट के घी संबंधित पेज पर जाता है।




9928087811, 8077024954
GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

पोस्ट मे मैं पंचगव्य से संबंधित चित्रों का ही प्रयोग करता हूँ... पर अन्य राष्ट्ररक्षक अपने-१ कार्य के अनुसार चित्र का चयन करें।

अब हमारा अगला लक्ष्य है हमारे क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे में अपना विज्ञापन चलाना, ताकि लोगो को हमारे व्यापार के बारे में पता चल सके....

स्मरण रखें... हमारा लक्ष्य राजीव भाई के बताए अनुसार व्यवस्था का विकेंद्रीकरण करना है...

अतः सभी अपने-१ क्षेत्र मे काम करें तो ही सबका भला है... अन्यथा केंद्रीकरण की विनाशलीला तो . आप देख ही रहे है।

हमें दानव के शस्त्रों का प्रयोग उसी के विरुद्ध करना है.... अतः विषय का ध्यान रखें।

अब हमें जानना है की ये विज्ञापन कैसे चलाएँ... यह अपने आप मे एक बहुत बड़ा विषय है इसलिए मैं इसे यहां ना लेकर इसका वीडियो आपके लिए डाल रहा हूं... आप इस https://goo.gl/rwrnUd वीडियो पर जाकर विज्ञापन चलाने की पूर्ण प्रक्रिया ध्यान से देखें...

नोट- वीडियो मे व्यक्ति दिल्ली ओर मुंबई के लिए विज्ञापन चला रहा है.... उसके स्थान पर आपको अपने क्षेत्र के 10 किलोमीटर का दायरा चुन कर लेना है।

नोट- आप प्रतिदिन इस पर 40 रुपये खर्च करें।

हमारा कार्य सफलतापूर्वक संपादित हुआ।

अब आपकी दुकान ओर विज्ञापन पूर्ण रूप से तैयार है ताकि आस-पास के क्षेत्र मे आपकी पहचान बन सके।

ये तो हुआ आपका ऑनलाइन कार्य अब कुछ ऑफलाइन कार्य...आओ देखें...



9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

## सूत्र नंबर ५

अब जो भी लोग आपको जानेंगे वे आपसे मिलना चाहेंगे... और जब वे आपसे मिलेंगे तो आपका विजिटिंग कार्ड मांगेंगे... तो ऐसा होने से पहले ही हमें विजिटिंग कार्ड का निर्माण करना है, जो की 500 रुपये में 1000 छप जाएंगे।

इस विजिटिंग कार्ड पर सामने की ओर आप अपनी वेबसाइट का नाम, कार्य, पता, लोगो, वेबसाइट एड्रेस, ईमेल एवम् फोन नंबर लिखें, इसके पश्चात पीछे की ओर लिखें यदि आप किसी ग्राहक को हमारे पास भेजते है तो आपको कुल राशि का 25 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

ऐसा लिखने पर एक तो लोग आपके कार्ड को सम्मान के साथ संभाल कर रखेंगे दूसरा आपके पास स्वयं चलकर ग्राहक लेकर आएँगे।

नोट- पैसे का अधिक लालच ना करें, स्वदेशी उत्पाद बनाने का घर पर खर्च ना के बराबर है... अतः आप 25 प्रतिशत दे भी देंगे तो इसमें आपका ही लाभ है।



@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

# सूत्र नंबर ६

अब आप कुछ थर्माकोल या मोटी ड्राइंग शीट, एक लाल मार्कर खरीद ले... इनका साइज १-१ का काट लें... एवं लाल मार्कर से अपने व्यापार के अनुसार इन पर कुछ आकर्षित करने वाले वाक्य लिखें। जैसे

उदाहरण 1- यदि आप दंतमंजन बेच रहे है तो लिखें की आपका दंतमंजन आपके दांत तोड़ सकता है या आपके दंतमंजन में गाय की हड्डियों का चूरा है।

उदाहरण 2- यदि आप शुद्ध छोटी मक्खी का शहद बेच रहे है तो लिखें की बाजार मे बिकने वाले शहद मे चीनी पाई गई है या आजकल बाजार में बड़ी मधुमक्खी का शहद आ रहा है जो आपके लिए हानिकारक है।

उदाहरण 3- यदि आप काले बाल का तेल बेच रहे है तो लिखें क्या गंजेपन से आपको शर्म आती है ?

नोट- ये आपके पोस्टर तैयार है, इन सभी के नीचे केवल आपकी वेबसाइट का लोगो लगाएं... अपना कोई भी संपर्क इस पर ना दें।

अब इन्हे आपके गांव के कुछ पेड़ों पर इस प्रकार टांग दे की यह आने जाने वाले को दिखते रहें... वे पढ़ें तो सही पर ये ना पता चले की लगाया किसने है। केवल लोगो दिखे। अब आपके गांव मे चर्चा चलने दे... लोग आपस मे बाते करेंगे की आखिर ये पोस्टर लगाया किसने है।

स्मरण रहे, आप स्वयं भी किसी को ना बताएं...

इसका खर्च 100 रुपये भी नही आएगा।




9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

# सूत्र नंबर ७

अब आपके क्षेत्र मे 5-10 दिन तक, पोस्टर पेड़ पर किसने लगाए... यह चर्चाएं चलने दें।

एक सप्ताह के पश्चात आपको गांव के 5 मंदिरों में 1.5*3 के 5 बैनर एवं अपने घर के बाहर एक 3*6 का बड़ा बैनर लगाना है। बैनर पर अपना व्यापार का नाम, वेबसाइट, फोन, पता, कार्य इत्यादि सभी कुछ लिख दें।

ये बैनर भी 200 रुपये में बनकर तैयार हो जाएँगे।

अब घर के एक कमरे में अपनी दुकान लगा कर बैठ जाएँ और अपनी कुलदेवी या कुलदेवता का 9 माला जप प्रतिदिन करें।

यह ज्ञान मेरी गुरु मां द्वारा दिया गया है... आप इसका पूर्ण विज्ञान यहाँ सुन सकते है-
https://goo.gl/VU7UX5




9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com



अब तक आपके पास वेबसाइट, विजिटिंग कार्ड, अपनी दुकान, गूगल पेज, फेसबुक पेज, फेसबुक एड, कुछ पोस्टर, बैनर आदि तैयार है।

आप आपको केवल ईश्वर का नाम लेते हुए प्रार्थना करनी है की ये सभी चीजें एकरूप होकर एवम् निर्धारित समय पर कार्य करें।

अब जब पोस्टर लगाने के पश्चात गांव मे चर्चा चलेगी, तब तक युवाओं को फेसबुक पर आपके एड दिखना आरंभ हो चुके होंगे... गूगल मे देखेंगे तो भी आप मिलेंगे... फेसबुक से आपकी वेबसाइट पर आएंगे.... देखेंगे... फिर एक सप्ताह के पश्चात मंदिर मे लगे आपके बैनरों को देखकर आपसे संपर्क करेंगे... संपर्क करने के पश्चात आप उन्हे विजिटिंग कार्ड दें एवम् कहें की इसमें पीछे भी कुछ लिखा है।

बस आपका काम हो गया।

मुझे भरोसा है... यदि आप इतना कार्य सातत्य से कर लेते है तो ईश्वर की कृपा आप पर अवश्य होगी एंव आप 25000 रुपया मासिक घर से ही कमा कर अपने परिवार का पालन पोषण कर पाएँगे।

## गुरुदक्षिणा Time

अब जैसा की आप जानते है कि मेरे जीवन में जो भी घटित हो रहा है वो सब गुरुकृपा है। मुझे यह सब करने की प्रेरणा मेरे गुरु से ही प्राप्त हुई है। जो मेरे गुरु का लक्ष्य है वही मेरा भी लक्ष्य है... सत्य सनातन धर्म की स्थापना।

अत आप सभी मित्रों से नम्र निवेदन है आप सभी प्रतिदिन मेरी गुरु मां की वेबसाइट पर जाकर लेख पढ़ें.. इस पर प्रतिदिन सनातन के विज्ञान से संबंधित लेख पोस्ट किए जाते है। मैं आपको वचन देता हूँ कि ये लेख पढ़ने के पश्चात आपके जीवन मे सनातन का एक नया सूर्य उदय होगा। हम सनातनी भारत की एकता ओर अखंडता को सुरक्षित बनाए रख पाएंगे ओर आज समाज मे जो अधर्मी अपनी राक्षसी कामना पूर्ति के लिए हमारे देश हो आग मे झोंकने का काम कर रहे है, यह भारत भूमि उससे सुरक्षित रह पाएगी। यही मेरी खरी दक्षिणा होगी।

गव्यशाला को इस प्रकार का ज्ञान समाज मे देने के लिए अत्यधिक समय ओर दक्ष युवा चाहिए होते है। यदि आपको यह पुस्तक अच्छी लगी हो तो आप यहां जाकर गव्यशाला को दक्षिणा भी दे सकते है। जिससे हम समाज में निरंतर इस प्रकार की गतिविधियाँ चला सकें।

@ info@gavyashala.com
www.gavyashala.com

गव्यशाला
गावो विश्वस्य मातरः

## कुछ रोचक लेख एव जानकारियां

1. राजीव भाई के नाम को किया बदनाम।
2. गाय से व्यापार क्यों कर रहे है आप ?
3. राजीव भाई के भक्त ओर राष्ट्ररक्षकों के लिए आवश्यक है विचारधारा की स्पष्टता...
4. गौसेवकों के लिए 30000 से 100000 रुपया नकद पाने का सुनहरा अवसर...
5. बिना गाय के कैसे कमाएँ 50000 रुपया महीना ?
6. बंद कर दो इन गौशालाओं को२ नही बचेगी गाय !
7. गौमाता के घी से 25000 मासिक कमाने का सुनहरा अवसर।
8. गौमाता के गोबर से घर बैठे मासिक 15000 कमाने का सुनहरा अवसर।
9. ये अजीब सा लड़का कल्पित अब गाय चराता है, पर क्यो?
10. 48,000 रुपया प्रतिमाह का गौमुत्र अर्क बनाएगा ये यंत्र।
11. मुझे 5 दिन मे 2 लाख रुपया महीना कमाने का विज्ञान सीखाया ?

## महत्वपूर्ण लिंक

1. पंचगव्य प्रशिक्षण शिविर
2. मार्केटिंग प्रशिक्षण शिविर
3. देशी गाय से एक लाख रुपया महीना कमाने के 9 सूत्र
4. बाजार में अपने उत्पाद बेचने के 7 सूत्र

9928087811, 8077024954

GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1 GavyaShala1